वर्तमान शासनपति भगवान महावीर स्वामीजी की च्यवन, जन्म व दीक्षा तीन–तीन कल्याणकों की पावन स्थली क्षत्रियकुंड (लछवाड़) में श्री आत्म–बल्लभ–समुद्र–इन्द्रदिन्न सूरीश्वरजी महाराज साहेब की यशस्वी पाट परम्परा के क्रमिक पट्टधर वर्तमान गच्छाधिपति, जीर्णोद्धार प्रेरक, कल्याणक तीर्थोद्धारक, पंजाब मार्तण्ड, ज्ञान गंगा भागीरथी, शिक्षासन्त, मानवता के मसीहा, शासन दिवाकर, विकाश विशारद, शान्तिदूत परम पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय नित्यानन्द सूरीश्वरजी महाराज साहेब की सत्प्रेरणा एवं शुभ आशीर्वाद से निर्मित भगवान महावीर हॉस्पिटल के 10 वर्ष पूर्ण हो गये हैं। जिसका संचालन परम पूज्य आचार्य भगवंत द्वारा गठित श्री आत्म बल्लभ जनकल्याण ट्रस्ट, कोलकाता के अन्तर्गत सुचारू रूप से चल रहा है।

बिहार सरकार द्वारा प्रदत्त 5 एकड़ भूमि में हॉस्पिटल में प्रारम्भ से ही ओ.पी.डी. हॉल, पुरूष वार्ड, महिला वार्ड, ऑपरेशन थियेटर आदि हैं। समय के साथ–साथ इसमें पैथोलोजी विभाग, एक्सरे विभाग, ECG व D.O.T. (टी. वी. निवारण) विभाग आदि शुरु कर दिये गये हैं। इस वर्ष नेत्र चिकित्सा एवं जांच विभाग व दंत चिकित्सा (Dental Dept) विभाग का शुभारंभ कर दिया गया है। 24 घंटे प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स, अनुभवी प्रशासक, निजी सुरक्षा गार्ड, वार्ड ब्यॉय, सुसज्जित एम्बुलेंस, परिशोधित जल, जनरेटर, इनवर्टर आदि की पूर्ण व्यवस्था है।

यहां मात्र 10/- (दस रुपये) के कार्ड द्वारा रोगी का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। इस कार्ड की अवधि 30 दिन की होती है। इस बीच रोगी को जितनी भी बार आना पड़ता है उससे कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता है। रोगी को हॉस्पिटल से ही लगभग 80% से 90% तक दवाईयां निःशुल्क उपलब्ध करवा दी जाती है। जो दवा यहां उपलब्ध नहीं है तो हॉस्पिटल प्रांगण में ही एक दवा की दुकान खुलवा दी गई है जिससे कि उचित मूल्य पर रोगी को सही दवा मिल सके।

इस वर्ष हॉस्पिटल में OPD रोगियों की संख्या 11832 हुई। इस प्रकार पिछले 10 वर्षों में यह संख्या 90832 (नब्बे हजार आठ सौ बतीस) से भी ज्यादा रोगी OPD सेवा प्राप्त कर चुके हैं। इस वर्ष आखों की जांच के 2724 रोगी हुए ECG के 102 रोगी X-RAY के 557 रोगी पैथोलोजी जाँच के 3487 Plaster के 124 व दांतो के 510 रोगी हुए। विभिन्न रोगों से ग्रस्त रोगियों की शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) जैसे हाईड्रोसील, एपेन्डिक्स, आर्थोपेडिक एवं गायनो आदि के ऑपरेशन हुए हैं।

यहां प्रतिवर्ष कैम्पों के माध्यम से आखों के मोतियाबिंद के माइक्रो सर्जरी द्वारा ऑपरेशन होते हैं कोलकाता के अनुभवी डाक्टरों की टीम के द्वारा यह कार्य किया जाता है। इस कार्य के लिए श्री तापस घोष, कोलकाता का विशेष सहयोग रहा है, कैम्प की सारी व्यवस्था उनकी देखरेख में होती है। इस वर्ष मोतियाबिंद के 2005 ऑपरेशन हुए। इस प्रकार पिछले 10 वर्षों में यह संख्या 20430 (बीस हजार चार सौ तीस) हो चुकी हैं। आखों के ऑपरेशन के लिए इस क्षेत्र में भगवान महावीर हॉस्पिटल, लछवाड़ की अपनी विशिष्ट पहचान है। बिहार के अलावा झारखंड व बंगाल राज्यों के रोगी भी यहां आकर अपना उपचार करवाते हैं, क्योंकि यहां उपचार करवाके हर रोगी पूर्णतः संतुष्ट है। अति गंभीर रोगी का इलाज कोलकाता लाकर यहाँ निःशुल्क करवाया जाता है। ऑपरेशन की लागत खर्च 800 (आठ सौ रुपये) प्रति रोगी आती है पहले यह खर्च 900 (नौ सौ रुपये) आती थी। ऑपरेशन के बाद चेकअप, समस्त दवाई व चश्मा आदि भी निःशुल्क दिया जाता है।

इस वर्ष आंखो के मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन में प्रथम चरण में 69 ऑपरेशन हुए, दूसरे चरण में दिनांक 24/10/2015 को 144 ऑपरेशन तीसरे चरण में दिनांक 26/11/2015 को 161 ऑपरेशन चौथे चरण में दिनांक 26/12/15 को 344 ऑपरेशन हुए जिसमें 121 ऑपरेशन का लाभ परम पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी म० सा० के 2001 के चातुर्मास में उनके आशीर्वाद एवं मुनि श्री मोक्षानंद विजय जी म० सा० की प्रेरणा से संस्थापित श्री आत्म बल्लभ जैन सेवा मंडल द्वारा लिया गया। मंडल के अध्यक्ष श्री अशोक जी बांठिया के साथ सक्रिय सदस्य श्री अमित कोचर, श्री आशीष कोचर, श्री सुमित कोठारी ने लछवाड़ आकर अपनी सहभागिता की। साथ ही बच्चों में स्टेशनरी की सामग्री आदि भी वितरण की।

पांचवे चरण में दिनांक 26 व 27 जनवरी 2016 को 319 ऑपरेशन हुए। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह लाभ कोलकाता के श्री मान देवेन्द्रजी बोथरा परिवार (पंधाना म० प्र०) ने लिया। इन निश्चित दिनांक को प्रतिवर्ष पिछले 4 वर्षो से आपके द्वारा ही लाभ लिया जाता है, चाहे कितने भी रोगी हो सम्पूर्ण लाभ आपही लेते है आप अपने साथ परिवार के 40–50 लोगों को भी साथ लेकर आतें हैं। पिछले वर्ष आपने रोगियों के रात्रि विश्राम के लिए एक बड़े हॉल का भी निर्माण करवाया था।

छट्टे चरण में फरवरी माह में दिनांक 21, 26, 28 व 29 फरवरी को कुल मिलाकर 498 ऑपरेशन सम्पन्न हुए। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 28/2/2016 का लाभ कोलकाता की जानी–मानी लायन्स क्लब ऑफ रिजेन्सी द्वारा 165 ऑपरेशन का लाभ लिया गया। क्लब के अध्यक्ष श्री बिपीनजी गोयल के साथ संस्था के सक्रिय 16 सदस्य लछवाड़ आये। ऑपरेशन खर्च के अलावा सभी रोगियों में वस्त्र एवं बच्चों में स्टेशनरी सामग्री व गौशाला में जानवरों के लिए गुड़ एवं अनाज भी दिया। साथ ही क्लब द्वारा Eye operation के दौरान आवश्यक Micro Scope व Carato Meter भी उपलब्ध करवाया गया। पिछले वर्ष आप लोगों ने देखा की ये मशीनें कोलकाता से मंगवानी पड़ती है सो क्लब के सक्रिय सदस्य श्री राजेशजी भुतोड़िया, श्री इन्द्र जी सेठिया, श्री धनराजजी जैन ने कहा कि यह पूर्ति अगले वर्ष हम पूरी कर देगें सो इस बार इन्होंने इसकी पूर्ति कर दी। अब ऑपरेशन के दौरान कोई भी मशीन को बाहर से लाने की आवश्यकता नहीं है। सभी सदस्य दिल से सहयोग करते है आगे भी सदैव सहयोग की भावना रखतें है, ट्रस्ट बोर्ड आपका दिल से धन्यवाद करता है।

सातवें चरण में दिनांक 12 व 13 मार्च को 317 ऑपरेशन हुए। आठवें चरण में अप्रैल में 154 ऑपरेशन हुए, इस प्रकार इस वर्ष कुल 2005 आखों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन हुए। रोगियों की संख्या ज्यादा होने पर कई बार दिन–रात ऑपरेशन चालू रखना पड़ता है, जिसके लिए डाक्टरों की दो टीम कार्य करती है ताकि किसी भी रोगी को वापस नहीं जाना पड़े।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी व 15 अगस्त को हॉस्पिटल प्रांगण में झंडारोहण का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। निश्चित समय झंडारोहण के समय विभिन्न स्कूलों के लगभग 1200 (एक हजार दो सौ) से भी ज्यादा बच्चे मौजूद थे। सभी बच्चों के हाथों में तिरंगा झंडा लहरा रहा था। सभी भारत माता की जय हो के नारे लगा रहे थे। राष्ट्रगीत के बाद सभी बच्चों को मिठाई, कॉपी, पैंसिल, रबड़ आदि वितरण किए गए। मेधावी छात्रों को उनके नाम की बनी ट्राफी (Sheild) दी गयी जिसे पाकर वे बड़े प्रसन्न थे। ट्रस्टी भी इन अवसर पर मौजूद रहते है।

इन दिनों ट्रस्ट बोर्ड द्वारा निःशुल्क शिक्षा के लिए चयन किए गए 150 बच्चों में से कुछ बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। जिसमें देश भक्ति के गीत, देश भक्ति के नारे, नृत्य, भाषण आदि भी प्रस्तुत किया गया। सभी बच्चों ने कोलकाता से पधारे हुए लोगों व क्षेत्रीय लोगों का मन मोह लिया। बच्चों को काफी नकद पुरस्कार भी दिया गया। यह सब यहां के अध्यापकों की अच्छी मेहनत का ही प्रतिफल हैं।

"मानव सेवा ही प्रभु सेवा" जीवन में व्यक्ति कितनी भी तीर्थ यात्रा कर ले जप–तप से स्वयं को जोड़ ले ये तभी सार्थक सिद्ध होंगे जब ब्यक्ति अपने आपको मानव सेवा से जोड़ लेता है।

ट्रस्टीगण प्रतिमाह लछवाड़ आते रहते है तथा आपसी विचार विमर्श करते रहते हैं ताकि और भी अधिक सुविधाएं दी जा सके। हॉस्पिटल का प्रतिमाह का खर्च अनुमानित 1,00,000 (एक लाख) रुपये से भी ज्यादा होता है क्योंकि सभी तरह की सुविधाएं या तो न्यूनतम दरों पर दी जाती है या पूर्णत निःशुल्क दी जाती है। यह खर्च प्रतिवर्ष बढ़ता ही जा रहा है क्योंकि रोगियों के अलावा हॉस्पिटल स्टाफ को भी आवास की उत्तम व्यवस्था की गयी है, ताकि वे वहां रहकर रोगियों को हर समय अच्छी सेवा दे सकें। आप सभी का सहयोग बना रहेगा तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है।

एक अंग्रेज विचाकर ने लिखा है कि "One hand open in charity is bearth a hundred in prayer" प्रार्थना के लिए सौ बार हाथ जोड़ने के बजाय दान के लिए एक बार हाथ खोलना अधिक महत्वपूर्ण है। जब मनुष्य के पास भाग्य से पैसा होता है लक्ष्मी जी की उन पर कृपा होती है, तो उसे समझना चाहिये कि यह अवसर है कि मैं अपने हाथों को पवित्र कर लूं। दान देकर अपनी जीवन नैया पार लगा लूं।

"जिस प्रकार आकाश से गिरा हुआ जल किसी न किसी रास्ते से होकर समुंद्र में जाता है, उसी प्रकार निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा और प्रार्थना ईश्वर तक पहुँच ही जाती है"

एक व्यक्ति ने लिखा "पानी बाड़े नाव में घर में बाढ़े दाम, दोनों हाथ उलीचिये यही सयानो काम"। जब आपकी नाव में चलते–चलते पानी भरने लगे औरे तिजोरी में जब धन बढ़ने लगे तब दोनों हाथों से उलीचिये नाव का पानी बाहर फेंकिये ताकि नाव डूबने से बचें और तिजोरी का धन जरुरत मंदो में बांटिये ताकि उनकी दुवाओं से जीवन नैया भी तैरती रहे। हाथों की शोभा किमती हीरे की घड़ियों को पहनने से नहीं अपितु उन हाथों से दान करने से हैं।

"जिस प्रकार व्यापार में Sales Tax, Income Tax, Service Tax आदि विभिन्न तरह के Tax चुका कर व्यापार की शुद्धि करनी पड़ती है, जीवन में भी जन्म से मृत्यु तक विभिन्न प्रकार के Tax चुकाने पड़ते है, वैसे ही आत्म शुद्धि के लिए मानव सेवा जरुरी है तभी आत्म शुद्धि का Tax पूरा होगा।

"भगवान महावीर स्वामी ने कहा था कि जो पीड़ित एवं रोगियों व जरुरतमंदो की सेवा करता है वहीं वास्तव में परमात्मा की सेवा करता है"

हॉस्पिटल चलाना कोई आसान कार्य नहीं है एक स्कूल या सामाजिक संस्था का प्रतिदिन का कार्य काल सीमित होता है। स्कूल या कॉलेज का कार्यकाल प्रतिदिन 10 से 12 घंटे का होता है इसके अलावा निश्चित अवकाश होता है, लेकिन हॉस्पिटल (Round the clock) यानी चौबीसों घंटे चलता है किसी भी रोगी के आने का कोई निश्चित समय नहीं होता है कभी भी रोगी आये उसके उपचार के लिए तैयार रहना पड़ता है।

हॉस्पिटल से जुड़ा प्रत्येक कार्यकर्त्ता, चिकित्सक, कर्मचारी, सहयोगी ईश्वर के ही प्रतिनिधि है क्योंकि ईश्वर ने उन्हें पीड़ितों की सेवा का सुअवसर प्रदान किया है। भाग्यशाली हैं वे लोग जो दूसरों की पीड़ा समझते

महेन्द्र डागा
मंत्री–श्री आत्म बल्लभ जनकल्याण ट्रस्ट, कोलकाता

सहयोग हेतु देय राशि इस प्रकार है

स्वर्ण स्तम्भ : रु 1,11,111

रजत स्तम्भ : रु 55,555

ड्राफ्ट/चेक/नगद SHREE ATTAM BALLABH JANKALYAN TRUST Allahabad Bank, Burrabazar Branch, Kolkata, A/c.- 20105489254 (Branch IFS Code No. ALLA-0210033) के खाते में जमा करवायें।

ट्रस्ट को प्रदत्त दान राशि आयकर की धारा 80जी के अन्तर्गत छूट प्राप्त है।

इसके अलावा जैसी आपकी भावना हो सहयोग करें।

इस कार्य के लिए अपने सुझाव हमारे रजिस्टर्ड ऑफिस के पते पर भेजें।

सम्पर्क सूत्र

श्री सरदार मल बाँगाणी, कोलकाता 09830081325
श्री महेन्द्र कुमार डागा, कोलकाता 09831136408
श्री प्रवीण भण्डारी, मुम्बई 09322234645
श्री पन्नालालजी सिंघवी, चैन्नई 09840069922
श्री अनिल पाठक–क्षत्रियकुण्ड (लछवाड़) 09934711490

ऑपरेशन थियेटर में कार्यरत डॉक्टरों की टीम

२६ जनवरी व १५ अगस्त को झंडारोहण के समय हॉस्पिटल प्रांगण में विभिन्न स्कूलों के बच्चें

ट्रस्ट बोर्ड द्वारा लायंस क्लब ऑफ रोजेन्सी कोलकाता के श्री राजेशजी भुतोड़िया का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया साथ में श्री बिपीनजी गोयल, श्री इन्द्रजी सेठिया, डा० आर.डी.पी. सिंह

जरुरत मंदो को सिलाई मशीन भेंट करते हुए ट्रस्टी श्री सरदारमलजी बांगाणी व श्री सम्मेत शिखर पेड़ी के ट्रस्टी श्री श्रेणिकजी सिंघी

आई कैंम्प के लाभाश्री श्री देवेन्द्र जी बोथरा कोलकाता का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया साथ में श्री प्रकाशजी जैन, श्री अशोकजी जैन श्री पद्म चंदजी रामपुरिया व श्री नीकू जी बोथरा

भगवान महावीर हॉस्पिटल, क्षत्रियकुंड (लछवाड़) में भगवान के २६१५ वें जन्म कल्याणक के अवसर पर कार्यदक्ष गणि श्री राजेन्द्र विजय जी म०सा० की निश्रा में आयोजित कार्यक्रम में क्षत्रिय सांसद श्री चिराग पासवान जी, डा० एवन कुमार जी, डा० आर.डी.पी. सिंह जी, ट्रस्टी सरदारमल जी बांगाणी, श्री मुल्तान जी सुराणा, श्री अनिल जी पाठक, श्री महेन्द्र जी डागा श्री चन्द्रकुमार जी कोचर, श्री अमरेश जी मिश्रा ने सहभागिता की।

बच्चों को खेल सामग्री देते हुए ट्रस्टी श्री महेन्द्र जी डागा, श्री चन्द्रकुमार जी कोचर श्री मुल्तानजी सुराणा, श्री सुमेर जी कोठारी एवं श्री प्रकाशजी बैद कोलकाता

श्री आत्मबल्लभ जैन सेवा मंडल द्वारा कैम्प के खर्च का चेक ग्रहण करते हुए ट्रस्ट मंत्री श्री महेन्द्र डागा साथ में डाक्टरों की टीम व श्री अशोक बांठिया श्री अमित कोचर, श्री अनिल पाठक व श्री आशीष कोचर

ट्रस्ट बोर्ड

श्री कमलसिंह रामपुरिया	अध्यक्ष
श्री सुन्दरलाल दुगड़	उपाध्यक्ष
श्री महेन्द्रकुमार डागा	मंत्री
श्री सरदारमल बाँगाणी	कोषाध्यक्ष
श्री आर० सुभाषचन्द बाफना, चैन्नई	ट्रस्टी
श्री आर० शान्तिलाल चोरड़िया, चैन्नई	"
श्री चन्द्रकुमार मुणोत	"
श्री प्रसन्नकुमार जैन	"
श्री संजीव नखत	"
श्री नरेन्द्र राज मेहता	"

श्री आत्म बल्लभ जनकल्याण ट्रस्ट
C/o. मुकेश कुमार एण्ड कम्पनी
186, जमुनालाल बजाज स्ट्रीट, 3 तल्ला, कोलकाता 700 007
मो : 09831136408, E-mail : bmbl9@yahoo.in
Website : www.checonjainam.org, सेवा Heading के अन्तर्गत Bhagwan Mahavir Hospital हेडिंग में जाकर पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

Printed by : APW - 9830127576

॥ चरम तीर्थंकर शासनपति भगवान श्री महावीर स्वामिने नमः॥

भगवान महावीर हॉस्पिटल

क्षत्रियकुंड (लछवाड़)
वाया–सिकन्दरा, जिला–जमुई (बिहार)



ग्यारहवीं वर्षगाँठ

शनिवार 23 अप्रैल 2016

प्रबंधक एवं संचालक
श्री आत्म बल्लभ जनकल्याण ट्रस्ट
कोलकाता